Chapter- 3

# मुल्ला का लगान

## STUDY NOTES

**विषय सारांश:**

- एक बार बादशाह ने मंत्री से राज्य का हिसाब-किताब माँगा तो उन्हे पता चला कि अब तक मुल्ला नसीरूद्दीन ने लगान का एक पैसा भी नहीं दिया है।
- बादशाह ने हुक्म दिया कि मुल्ला के यहाँ जो भी फसल तैयार हो उसका आधा भाग ले लिया जाए।
- मुल्ला को यह पता चला तो उन्होने सोचा मेहनत मैं करूँ और फसल का आधा भाग मौलाना ले ले - यह कहाँ का न्याय है।
- जब मुल्ला की फसल तैयार हुई तब मौलाना आधा लेने पहुँच गए।
- मुल्ला ने उन्हे पूछा कि वे जमीन के ऊपर वाला भाग लेंगे या जमीन के नीचे वाला भाग ?
- मौलाना ने जमीन के ऊपर वाला भाग माँगा।
- मुल्ला ने प्याज-बोई थी जो कि जमीन के अंदर उगती है इसलिए मौलाना को कुछ नहीं मिला।
- दूसरी बार जब फसल तैयार हुई और मौलाना पहुँचे तो मुल्ला ने फिर से वही सवाल किया।
- इसबार मौलाना ने जमीन के नीचे वाला भाग माँगा।
- इसबार मुल्ला ने गेहूँ बोए थे। इसलिए इसबार भी मौलाना को कुछ नहीं मिला।
- इस प्रकार मुल्ला ने अपनी बुद्धि से मौलाना जैसे उच्चपदवी के अधिकारी को हरादिया।

**अभ्यास के लिए:**

**मौखिक-**

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास।

| | | | |
|---|---|---|---|
| बादशाह | नाराज | फसल | मेहनत |
| बुद्धि | खुदा | जरूरत | ज्यादा |

२. कम्-से-कम् शब्दों में उत्तर दीजिए।

क) बादशाह ने मंत्री से क्या माँगा ?

उ: बादशाह ने मंत्री से राज्य का हिसाब माँगा।

ख) बादशाह मौलाना साहब से नाराज क्यों हुए ?

उ: बादशाह मौलाना साहब से नाराज इसलिए हुए क्यों कि आज तम मौलाना साहब ने कभी भी मुल्ला नसीरूद्दीन की फसल का लगान वसूल नहीं किया था।

ग) मुल्ला के पास देने के लिए क्या नहीं था ?

उ: मुल्ला के पास देने के लिए मोहर नहीं था।

घ) प्याज कहाँ होती है ?

उ: प्याज जमीन के नीचे होती है।

ङ) गेहूँ कहाँ होते है ?

उ: गेहूँ जमीन के ऊपर होते है।

**लिखित:**

१. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) मौलाना ने नसीरूद्दीन के लगान न देने का क्या कारण बताया ?

उ: मौलाना ने नसीरूद्दीन के लगान न देने का कारण यह बताया कि जब भी नसीरूद्दीन से लगान माँगा जाता है उसके पास देने के लिए मोहरें नहीं होती।

ख) बादशाह का आदेश सुनकर मुल्ला को कैसा लगा ?

उ: बादशाह का आदेश सुनकर मुल्ला को बुरा लगा। उसने सोचा मेहनत मैं करूँ और फसल का आधा भाग मौलाना ले-ले, यह कहाँ का न्याय है ?

ग) मुल्ला ने मौलाना से फसल का आधा भाग माँगने पर क्या पूछा ?

उ: मुल्ला ने मौलाना से फसल का आधा भाग माँगने पर यह पूछा कि वे फसल का जमीन के ऊपर वाला हिस्सा लेंगे या जमीन के नीचे वाला हिस्सा ?

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

घ) क्या मौलाना को फसल का आधा भाग मिला?

उ: नहीं मौलाना को फसल का आधा भाग नहीं मिला। क्योंकि जब मौलाना ने फसल का जमीन के ऊपरवाला हिसा माँगा तब फसल जमीन के नीचे उगी थी और जब मौलाना ने फसल का नीचे वाला हिसा माँगा तब फसल जमीन के ऊपर उगी थी।

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।

क) युक्ति से किसी की बलवान व्यक्ति को हराया जा सकता है। कहानी के आधार पर लिखिए। (मूल्यपरक प्रश्न)

उ: युक्ति अर्थात् तरकीब, कौशल, उपाय आदि इससे संसार में किसी भी व्यक्ति को हराया जा सकता है। इससे किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। बल से हम शारीरिक रूप से कठिन कार्य कर सकते हैं परंतु युक्ति से किसी की कठिन परिस्थिति से बाहर निकल सकते हैं। कहानी में मुल्ला नसीरूद्दीन एक साधारण आद्मी था परंतु अपनी सूझ-वूझ और युक्ति द्वारा मौलाना जैसे उच्चपदवी पर स्थित राजकर्मचारी को हरादिया। जिसके पास युक्ति है वह ही जीतता है।

ख) 'बुद्धि" अथवा 'अधिकार" में आप किसे श्रेष्ठ मानते है और क्यों?

उ: बुद्धि से शक्तिशाली से शक्तिशाली व्यक्ति को भी हराया जा सकता है। बुद्धि द्वारा हम किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं। यह हमें अधिकार प्राप्त करने में सहायक होती है। अधिकार द्वारा हम अपने आप को बुद्धिमान प्रमाणित नहीं कर सकते। जिसमें बुद्धि की कमी होती है, उसे अगर अधिकार मिल जाए तो वह ज्यादा दिन तक उसे नहीं रख सकता। इसलिए बुद्धि ही श्रेष्ठ है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

**भाषा ज्ञान**

१. पढ़िए और समझिए।

मौलाना किसी भी तरकीब से लगान वसूल नहीं कर पाए, इसलिए अंत में हाथ मलकर रह गए। 'हाथ मलना' एक मुहावरा है। 'हाथ मलना' जैसे ही 'हाथ' शब्द से बने कई और मुहावरे भी हैं; जैसे-

- हाथ में न आना
- हाथों-हाथ लेना
- हाथ में खुजली होना
- हतेली पर जान रखना
- हाथों के तोते उड़ना
- चाँद हथेली पर

२. पाठ में कुछ शब्द उर्दू भाषा के आए हैं; जैसे- खबर, जमीन, साफ आदि। आपको कौन-कौन-से उर्दू शब्द पता हैं? लिखिए।

| | |
|---|---|
| अकल | उम्मीद |
| अखबार | किताब |
| चीज | कानून |
| जिन्दगी | कीमत |
| जहर | खून |

३. निम्नलिखित शब्दों के दो अलग-अलग अर्थ हैं, इनके अर्थ समझकर वाक्य बनाइए।

| शब्द | अर्थ | वाक्य |
|---|---|---|
| क) भाग | हिसा- | १. जमीन का आधा भाग रामू का है। |
| | दैड़ना- | २. पुलिस को देखकर चोर भाग गया। |
| ख) कल | बीता हुआ दिन- | १. कल हम घूमने गए थे। |
| | कार्य करना- | २. मेरे पिताजी कल आएँगे। |
| ग) कर | लगान- | १. हम सरकार को भू कर देते है। |
| | कार्य करना- | २. मैंने अपना काम कर दिया। |
| घ) कर | जवाब- | १. मोहन ने शिक्षक के प्रश्नों का सही उत्तर दिया। |
| | एक दिशा- | २. हमारे घर के उत्तर मे एक नदी बहती है। |

४. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों पर गोला ◯ लगाइए।

क) आनंद पैधों को पानी (दे रहा है)।

ख) खेत में फसल (उग रही है)।

ग) कमरे में बल्ब (जल रहा है)।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

घ) माँ कपड़े (धो रही है) ।

ङ) दादी पलंग पर आराम (कर रही हैं) ।

५. उचित क्रिया शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए।

क) कुणाल टी.वी. _देख_ रहा है। (सुन / देख)

ख) अध्यापक छात्रों को _पढ़ा_ रहे हैं। (सुला / पढ़ा)

ग) कोयल आम के पैड़ पर _बैठी_ है। (सोती /बैठी)

घ) मनीष जल्दी-जल्दी _खा_ रहा है। (सो / खा)

ङ) बगीचे में फूल _खिल_ रहे हैं। (खिल / मिल)

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow